हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025


तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री


10 बहनें भाइयों की कलाई में बांधी स्नेह व रक्षा की ...
10 हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता...







## अधिकांश कौशल प्रशिक्षण बंद, युवाओं को नहीं मिल रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संचालित होने वाले अधिकांश कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों पर ताला लग चुका है। जिसके कारण जिला के युवकों को वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर (वीटीपी) सेंटर से बीते 4 साल से युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा है। कोरोना काल वर्ष 2019-20 के पूर्व शहर में ही 2 दर्जन से अधिक ट्रेनिंग सेंटर्स थे। लेकिन अब अधिकांश ट्रेनिंग सेंटर बंद हो चुके हैं।

शासन की कठिन गाइड लाइन तथा अल्प समय में 3 वर्षों में दिये जाने वाले प्रशिक्षण की बाध्यता की वजह से प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं ने हाथ खड़े कर दिए हैं। यही वजह है कि 4 साल से कौशल विकास प्रशिक्षण के अधिकांश वीटीपी सेंटर बंद हो गए। अब मात्र शासन द्वारा चलाया जा रहा लाइवलीहुड कॉलेज में ही ट्रेनिंग मिल रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण बंद होने की वजह से अब 10वीं, बारहवीं के बाद पढ़ाई छोडने वाले युवाओं के समक्ष अब रोजगार का विकल्प ही नहीं है। इससे बेरोजगारी की वजह से युवा अवसादग्रस्त हो रहे हैं।

शिक्षित युवाओं का कहना है कि कौशल विकास प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोगों को नौकरी के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। ताकि, वे बेहतर आजीविका कमा सकें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकें। यह प्रशिक्षण लोगों को नए कौशल सीखने, मौजूदा कौशल को बेहतर बनाने और बाजार में अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।

### कौशल विकास केंद्रों की स्थिति खराब, कई सेंटर बंद हुए

#### संशोधन एवं कड़े नियम बने बंद होने की वजह

वर्ष 2018 से पहले राज्य में प्रति वर्ष लगभग हजारों युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त होता था। 2018 के पश्चात गाइडलाइन में गैर जरुरी व अनावश्यक संशोधन कर गाइडलाइन को कार्पोरेट के संचालन के अनुकूल तैयार किया गया। जिसके परिणाम स्वरुप तय मापदंड में बहुत ही कम सामाजिक संस्थाओं द्वारा पंजीयन किया गया। फलस्वरूप छोटी संस्थाओं में ताले ही लग गए।



#### लाइवलीहुड कॉलेज सीसीटीवी परीक्षण हुई शुरु

जिले में एकमात्र शासन द्वारा चलाया जा रहा लाइवलीहुड कॉलेज में सीसीटीवी प्रशिक्षण की शुरुआत हुई है। जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति जिसकी उम्र 15 साल से लेकर 45 साल हो एवं 12वीं तक पढ़े हुए हो वे इस प्रशिक्षण का लाभ ले सकेंगें। इस प्रशिक्षण की समय अवधि 3 माह की होगी।

## खबर संक्षेप



### पुराने विवाद को लेकर मारपीट

**महसमुंद।** ग्राम गिरना के रंगमंच के पास मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सत्यप्रकाश गड़तिया ने बताया कि 9 अगस्त की शाम करीबन 6 बजे वह अपने ग्राम गिरना के दुर्गा रंगमंच में बैठा था, उसी समय गांव के गुंडा बरिहा ने आकर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर बांस के डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### प्याले में कम शराब डाली, दामाद ने साले से की मारपीट

**महासमुंद।** शराब की कम-ज्यादा मात्रा को लेकर दामाद ने अपने साले से मारपीट कर दी। पिथौरा पुलिस को मखियारिन पटेल निवासी रानीसागर पारा पिथौरा ने बताया कि 9 को रक्षाबंधन त्योहार होने से शाम करीबन 5 बजे घर में उसका छोटा दामाद भोगसिंग पटेल एवं छोटा बेटा कृष्णा पटेल दोनों बैठकर आंगन में शराब पी रहे थे, इसी बीच शराब कम-ज्यादा हो जाने की बात को लेकर दामाद भोगसिंह ने गाली गलौज कर शराब की शीशी से कृष्णा पटेल के सिर में मारकर चोट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मामला : मामले में मंडल अध्यक्ष बोले: सभी दुकानों में मिलेगा शॉर्टेज

## राशन के गबन मामले में कांग्रेसी बोले- भाजपाई उड़ा रहे जीरो टॉरलेंस की धज्जियां

फालोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा के शासन में गरीबों का चावल में 90 लाख की हेराफेरी करने वाले भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का के रिश्तेदारों के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

कांग्रेसियों ने प्रेस नोट जारी करते हुए पूछा है कि भाजपा के सुशासन में गरीबों का राशन हड़पने वालों पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और अब कब तक कार्रवाई का इंतजार होगा?

इधर, मामले के खुलने के साथ ही लीपापोती का कार्य भी शुरु हो गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का का कहना है कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नही है। न तो राशन दुकान उनके नाम पर है और जो राशन दुकान उनके रिश्तेदार चला रहे हैं वे कई इन दुकानों में नहीं बैठते। लेकिन, उन्होंने स्पष्ट किया कि हर माह राशन दुकानों में भेजे जाने वाले चावल के बोरों में हेराफेरी होती है और इस शॉर्टेज की जानकारी भी खाद्य विभाग की दी जाती रही है। इस बयान पर भी सवाल उठ रहे हैं कि एक तरफ सिक्का कहते हैं कि उनका इस मामले से कोई ताल्लुक नहीं वहीं राशन दुकान संचालन को लेकर इतनी पुख्ता जानकारी भी दी जा रही है।


गरीबों का राशन बेचने वाले अब कह रहे-करेंगे स्टॉक की भरपाई
3 राशन दुकानों में 90 लाख के राशन की हेराफेरी आई सामने

भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का ने कहा है कि शहर के दर्जनों राशन दुकानों में शॉर्टेज मिलेगी, जिसके लिए मुझे भिड़ना पड़ेगा।

### जीरो टॉलरेंस भी कटघरे में

पार्षदों ने आरोप लगाया कि चावल हेराफेरी में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का के परिवार के सदस्यों का हाथ होने के कारण इस मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। भाजपा द्वारा गबनकर्ताओं को संरक्षण दिया जा रहा है। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा भाजपा की सुशासन की सरकार में जीरो टालरेंस (शून्य अनियमितता) की नीति पर सरकार द्वारा कार्य करने की बात कही जा रही है। चावल हेराफेरी के आरोपियों को संरक्षण देने के मामले में भाजपा नेता को तत्काल भाजपा अध्यक्ष के पद से हटाकर यह स्पष्ट करें कि भाजपा पार्टी वास्तव में जीरो टालरेंस की नीति पर काम करने वाली पार्टी है।

### कांग्रेसियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग, कहा- विभाग खानापूर्ति न करें

शहर के 3 राशन दुकानों में गरीब हितग्राहियों को वितरण के लिए पहुंचे लाखों रुपए के चावल की हेराफेरी मामले में कांग्रेस व निर्दलीय पार्षद, जय देवांगन, ज्योति रिंकू चंद्राकर, विक्की मुस्ताक खान, गुलशन साहू, सूरज नायक, राहुल अवाड़े, जितेंद्र ध्रुव, ओमीन कागजी, नीरज चन्द्राकर, मुन्ना देवार, ईश्वरी भोई ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों ने कहा कि पार्षदों ने कहा कि मार्च माह में सत्यापन में इन समितियों द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में उपरोक्त मात्रा में तकरीबन 85 लाख रुपए के चावल की कमी पाई गई। जिसे केवल नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर ली गई है। 5 माह बीतने के बाद भी गबन के आरोपियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे गबनकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं।

## नयापारा में काली मंदिर के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** दलदली रोड नयापारा में काली मंदिर के पास एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सूरज कुमार ढाडी 9 अगस्त को अपने घर जा रहा था, और उसके पीछे उसका चाचा बंधन राम ढाडी भी अपनी मोटर सायकल से जा रहा था। दोपहर करीब दो बजे काली मंदिर के पास दलदली रोड नयापारा पहुंचे थे, उसी समय वहां पर पहले से मौजूद सन्नी ठाकुर ने बंधन राम को देख कर रोका और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। सूरज और बंधन थाना परिसर पहुंचे थी तभी घर से फोन आया कि सन्नी ठाकुर और उसका भाई विक्की और राजा ठाकुर व नत्था सभी घर के पास आकर गाली गलौज कर रहे हैं। प्रार्थी सूरज अपने घर पहुंचा तब विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर, राजा ठाकुर, नत्था सभी लोग परिवार के सभी सदस्यों से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे, और श्लोक को नत्था ने हाथ मुक्का एवं डंडे से, शिवनंदन को विक्की ठाकुर ने डंडे से, दीपक को सन्नी एवं नत्था ने हाथ मुक्का एवं डंडा से, फूलनदेवी को राजा ठाकुर ने हाथ मुक्का से, कोमल देवी को सन्नी एवं राजा ठाकुर ने हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले में प्रार्थी रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को शुभम डहरिया निवासी वार्ड नं 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद में ने बताया कि 9 अगस्त को वह बस्ती की ओर से घर पहुंचा, तभी चाची भारती एवं मां अंजू डहरिया ने बताया कि सन्नी व अन्य लोग सूरज के घर के सामने लड़ाई झगड़ा हो रहे हैं।

## सरकड़ा में अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ब्लॉक मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सरकड़ा में सरपंच प्रियंका अमित सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा की आवश्यक बैठक में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

ग्राम सभा के प्रस्ताव के अनुसार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से प्रतिबंध प्रभावी होगा। अवैध शराब बेचते पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्ति से 51,000 रुप, वसूले जाएंगे, जिसमें से 21,000 रुपये जानकारी देने वाले को और शेष राशि ग्राम पंचायत व समिति के फंड में जमा की जाएगी। वहीं शराब के नशे में गली-मोहल्ले में दंगा-फसाद करने वालों पर 21,000 रुपए का जुर्माना लगेगा, जिसमें से 11,000 रुपए सूचना देने वाले को दिया जाएगा।

सरपंच सिन्हा ने बताया कि अवैध शराब से गांव का माहौल बिगड़ रहा है, बच्चे भी इसकी लत में पड़ रहे हैं और आए दिन झगड़े हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के निर्णय का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। बैठक में ग्राम समिति अध्यक्ष सीताराम सिन्हा, संरक्षक लोकप्रकाश डड़सेना, प्रमुख मार्गदर्शक पुनीत सिन्हा, कोषाध्यक्ष चैतराम सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि अमित सिन्हा, सचिव सुखसागर जगत सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

### निःशुल्क नाक कान गला रोग जांच परामर्श शिविर आज

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 11 अगस्त 2025 को निःशुल्क नाक, कान, गला रोग जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में डॉ. महेंद्र धनवे एमएस ईएनटी सर्जन द्वारा नाक कान गला से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच एवं परामर्श किया जाएगा। शिवरि में नाक कान गला से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच एवं परामर्श, टांसिल का बढ़ना, आवाज में परिवर्तन, मुंह एवं गले के कैंसर, नाक की तिरछी हड्डी, नाक में मस्सा, होना, कान के पर्दे में छेद, बहरापन, कान से मवाद आना इत्यादि बीमारियों का इलाज किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार निशुल्क जांच एवं दवाइयाँ वितरण किया जाएगा।






## पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छात्रों ने योगेश कुमार बढ़ाई मोहगांववाले के मार्गदर्शन में विभिन्न स्थानों पर स्वयं राखियां बनाकर पेड़-पौधों को बांधी और उन्हें पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। इस क्रम में एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ सुनहरे भविष्य का थीम पर हर वर्ष एक पौधा लगाने की बात कही।

बसना (प्राथमिक विद्यालय स्तर) पीएमश्री सेजेस बसना की कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं ने योगेश कुमार बढ़ाई के निर्देशन में न केवल अग्रिम भूमिका निभाई, बल्कि पेड़ों पर राखी बांधकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प आत्मसात किया। मासूमों की यह क्रिएटिव पहल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का बेहतरीन उदाहरण रही। शासकीय प्राथमिक शाला गजराडीह में शिक्षक धनेश खम्हारी ने बच्चों के साथ मिलकर पेड़-पौधों को राखियां बांधी और हर बच्चे ने पौधों के संरक्षण की शपथ ली। बुर्जबहाल से विज्ञेश्वर साहू, सीनापाली से जयसिंह ठाकुर, बालांगीर (ओड़िशा) से रंजीत बेहरा, संबलपुर से मनोज बधाई, भुवनेश्वर से सुशांत साहू, नुआपड़ा से राहुल भोई, सिहावा से कौशल पटेल, राजस्थान से जयसिंह झिरवाल, महाराष्ट्र से सावंत लिल्हारे, राजनांदगांव से बेदराम ओटी, जशपुर से सुनील केरकेट्टा, बस्तर से युधिष्ठिर साहू, कांकेर से ओमप्रकाश साहू ने योगेश कुमार बढ़ाई का मार्गदर्शन पाकर इस वर्ष भी पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प दोहराया।



**एक पेड़ मां के नाम 2.0 पहल**

योगेश कुमार बढ़ाई ने छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी वृक्षारोपण एवं संरक्षण की इस अनूठी पहल एक पेड़ मां के नाम 2.0 के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक पर्व रक्षाबंधन को पर्यावरण सुरक्षा का प्रतीक बनाकर समाज में हरियाली की जिम्मेदारी को रेखांकित करना है। बिहार (मुख्यमंत्री नीतीश कुमार): पटना के राजधनी वाटिका में मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर पेड़ को राखी बांधी और पौधा भी रोपा, इस तरह इसे बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। यह अभ्यास 2012 से नियमित रूप से जारी है। मध्य प्रदेश (छिंदवाड़ा): बीज राखी पहल के तहत महिलाओं ने ऐसी राखी बनाईं जिनमें बीज होते हैं। त्योहार के बाद इन्हें रोपकर पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा दिया जाता है । राजस्थान (बाड़मेर): विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने खेजड़ी वृक्ष को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। और इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर फैलाने की बात कही। बिहार (भागलपुर): वृक्ष रक्षा सूत्र दिवस के रूप में पहल की गई जिसमें पेड़ों को राखी बांधी गई ।

## खबर संक्षेप

### अपराध और युद्ध मुक्त मानव का निर्माण का विकल्प है जीवन विद्या

**महासमुंद**। चेतना विकास मूल्य शिक्षा का प्रभाव और प्रमाण देखकर बनपचरी सरकारी स्कूल के प्रधान अध्यापिका अंजू ध्रुव व साथ में आए बच्चों ने अक्षरशः इसे अपने विद्यालय में लागू करने का निर्णय लिया है। शिक्षिका अंजू ध्रुव ने बताया कि कोकड़ी सरकारी स्कूल के बच्चों का अभिव्यक्ति क्षमता, टीम वर्क, गीत, अंग्रेजी व हिंदी पठन, जीवन विद्या की पढ़ाई, चित्र कला, स्वच्छता, संस्कार, संवर्धन, सुरक्षा, पर्यावरण प्रेम, स्वास्थ्य शिक्षा,परिचय, परिवार की समझ, मूल्यों की समझ आदि अनेक मुद्दों पर बच्चों के साथ संवाद हुआ है। अंजू ध्रुव ने शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया व शाला प्रबंधन विकास समिति कोकड़ी को बनपचरी के पालकों से मिलने वाले सहयोग पर भी आभार प्रकट करते हुए बताया कि गांव के पालक राजेश्वर ध्रुव ने अनेक बार स्कूल के कार्य में मदद किया है। ग्राम पंचायत का भरपूर सहयोग विद्यालय को मिलता है। निकट भविष्य में बनपचरी के अभिभावकों व बच्चों के साथ जीवन विद्या शिविर करने का निर्णय लिया।

### कार्यशाला में शामिल हुई सहायक शिक्षिका दुर्गा

**महासमुंद**। विद्यालय शिक्षा में हस्तकौशल कला का समावेश 29 जुलाई 2025 से 7 अगस्त 2025 सीसीआरटी मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में 10 अलग-अलग राज्य के प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 5 जिलों से 8 प्रतिभागियों का चयन हुआ था। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर महासमुंद विकासखंड के सहायक शिक्षिका दुर्गा यादव ने महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व किया। नई दिल्ली कार्यशाला में हमारे छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक पारंपरिक और विभिन्न त्योहारों की झलकियां नई दिल्ली में प्रस्तुत की गई है। कार्यक्रम के आयोजक नई दिल्ली प्रतिनिधि देवा राम, छत्तीसगढ़ राज्य की टीम के मनमोहक सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रस्तुति पर नई दिल्ली की टीम सीसीआरटी और शामिल सभी प्रशिक्षणार्थी गणों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की टीम के उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई। जिले का प्रतिनिधित्व करने पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, एबीओ तारिका कुंजाम एवं हीना ढालेन, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा एवं संकुल समन्वयक ए चंद्रशेखर डोरा, मंजू लता साहू ने भी हर्ष व्यक्त किया है।

### आजीविका संवर्द्धन के लिए लगाया गया कैंप

**महासमुंद**। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत महासमुंद परिसर में एकदिवसीय क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्व-सहायता समूहों एवं उनके सदस्यों को व्यक्तिगत उद्यम वित्त हेतु बैंक ऋण से जोड़ना था। इस शिविर में जनपद पंचायत सीईओ, लीड बैंक अधिकारी अभय पारे, जिला पंचायत से एपीओ त्रिवेणी रात्रे, डीपीएम अशोक यादव मौजूद रहे।

## बहनें भाइयों की कलाई में बांधी स्नेह व रक्षा की डोर, खरीदारी करने बाजार में रही चहल-पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर सहित अंचल में रक्षाबंधन का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। भाई-बहन के प्यार और अटूट रिश्ते का यह त्योहार इस बार विशेष उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के एक दिन पहले, बाजार पूरी तरह से गुलजार रही। सुबह से लेकर देर रात तक राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। लोग अपने भाई-बहनों के लिए जमकर खरीदारी करते नजर आए। इस साल बाजार में एक से बढ़कर एक खूबसूरत और आकर्षक राखियां उपलब्ध रही। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, युवाओं के लिए डिजाइनर राखियां और पारंपरिक राखियों की भी खूब मांग थी। मिठाइयों की दुकानों पर भी खूब रौनक रही। लोगों ने अपनी पसंद की मिठाइयों के अलावा, विशेष रूप से तैयार की गई मिठाइयों की भी खरीदारी की। इसके अलावा, नए कपड़ों और उपहारों की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई, क्योंकि इस दिन बहनें अपने भाइयों से उपहार लेती हैं और भाई अपनी बहनों को उपहार देते रहे।

### बसों में उमड़ी भारी भीड़

रक्षाबंधन के मौके पर घर जाने वाले लोगों की भारी भीड़ बसों में देखने को मिली। बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। लोग अपने घरों और परिजनों के पास पहुंचने के लिए बसों में जगह पाने की जद्दोजहद करते नजर आए। यात्रियों की



सुविधा के लिए कुछ अतिरिक्त बसों का भी इंतजाम किया गया, लेकिन फिर भी भीड़ को पूरी तरह से नियंत्रित करना मुश्किल रहा। इस बार रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को रहा, जिसके चलते लोगों को एक दिन पहले ही खरीदारी करने और घर पहुंचने का मौका मिल गया। अनुमान है कि इस बार रक्षा बंधन पर लाखों का कारोबार हुआ है। व्यापारियों के चेहरे पर भी खुशी साफ नजर आई। यह पर्व न केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है।

### बहन का प्यार और भाई का वादा

रक्षाबंधन का पर्व केवल खरीदारी और भीड़ का ही नहीं, बल्कि यह भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। बहने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उनके सुखी जीवन की कामना करती हैं, और भाई अपनी बहनों की रक्षा का वादा करते हैं। यह पर्व सदियों से चली आ रही परंपरा का प्रतीक है, जो भाई-बहन के रिश्ते को और भी गहरा बनाता है। हर घर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा जब बहने अपने भाई की कलाई में प्यार का धागा बांधी।

**देशभक्ति : स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा का आयोजन**

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के अंतर्गत सेजेस छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल परिसर से ग्राम तुमाडबरी तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। यह कार्यक्रम प्राचार्य अमी रूफस के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता एवं एथलेटिक्स के अध्यक्ष पंकज चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य प्रमोद कुमार कन्नौजे, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक शांतनु वर्मा, संस्था के व्याख्याता



जीआर टांडेकर एवं संस्था के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष साहू ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान चलाकर राष्ट्र का प्रतीक भारतीय ध्वज तिरंगा की यात्रा निकालकर लोगों को हमारे तिरंगा के महत्व के बारे में बता रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने तिरंगा झंडे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने तिरंगा की रक्षा करना है, अपने तिरंगे पर गर्व होना चाहिए, तिरंगा हमारी शान है। 12 कक्षा के छात्र क्षितिज पांडेय ने भी तिरंगा के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर कक्षा 10 की छात्रा पेरोज साहू के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 10 की चंचल साहू ने छत्तीसगढ़ी में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### तुमाडबरी में निकली तिरंगा रैली

अतिथियों के द्वारा तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर तुमाडबरी के लिए रवाना किया गया। रैली तुमाडबरी के गलियों में भ्रमण करते हुए लोगों को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घरों में तिरंगा ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए ग्राम की गलियों में नारा लगाते हुए ग्राम का भ्रमण कर संदेश दिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर संस्था के शिक्षक प्रियंका पीटर, शिवा कोटेश्वरमा, मितेश शर्मा, डॉ शशबीर कौर संधु, मदन कौशिक शनिदेव ठाकुर, नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, रौनक अग्रवाल, अंशुमाला बारिक, राधिका शर्मा, अंजू चंद्राकर, ऋतुराज देवांगन, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू के साथ स्कूली छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## पशुपालन संवर्धन व संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**महासमुंद**। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल के तहत वेटनरी पॉलिटेक्निक महासमुंद, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय तथा साइटसेवर्स इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में "पशुपालन संवर्धन, संरक्षण एवं प्राथमिक उपचार" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुई। इस प्रशिक्षण में महासमुंद जिले के 35 दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों (एकल दिव्यांग समूह एवं दिव्यांग व्यक्तियों) ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत वेटनरी पॉलिटेक्निक महासमुंद के प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेश कुमार गिरी ने की। उन्होंने भारतीय गौवंशीय नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए बताया कि स्थानीय नस्लों के संवर्धन से पशुधन की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी बताया कि गौवंशीय पशु न केवल ग्रामीण आजीविका का स्रोत हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग भी हैं। इसके पश्चात संस्था की सहायक प्राध्यापक डॉ. गोविना देवांगन ने पशुओं के आवास प्रबंधन पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ, हवादार व सुरक्षित पशुशाला न केवल पशुओं की सेहत के लिए जरूरी है, बल्कि इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होती है। प्रशिक्षणार्थियों को समझाया गया कि मौसम के अनुसार किस प्रकार पशु आवास में बदलाव लाकर पशुओं को रोगों से सुरक्षित रखा जा सकता है। पशुपालन विभाग महासमुंद से उपस्थित विशेषज्ञ डॉ. आरजी यादव एवं डॉ. खुशबू चंद्राकर (पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ) ने राज्य तथा केंद्र शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया। साथ ही, उन्होंने स्वरोजगार के दृष्टिकोण से बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन जैसे वैकल्पिक पशुधन व्यवसायों की व्यवहारिक जानकारी दी। वेटनरी पॉलिटेक्निक के ही वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. शैलेश विशाल ने गर्भवती एवं दुधारू पशुओं की देखभाल, संतुलित आहार, साफ-सफाई और नियमित टीकाकरण की महत्ता को रेखांकित किया। इसके बाद डॉ. काशिफ रज़ा ने पशुओं के आहार प्रबंधन पर चर्चा की।

## कॉलेज में भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित व्यास पूजा कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में महासमुंद ब्लॉक के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय व्यास पूजा कार्यक्रम के तहत गुरु-शिष्य परंपरा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय की गरिमा के गुर- शिष्य परंपरा को समर्पित था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उमेश कुमार गोस्वामी प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला खरोरा रहे। अध्यक्षता करुणा दुबे प्राचार्य, डॉ रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो मंचस्थ रहे। सभी मंचस्थ अतिथियों का फल, साल, पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं बेज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन डॉ मालती तिवारी द्वारा सभी का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग महर्षि वेद व्यास को जाने उनकी रचनाओं का स्मरण करें इसी उद्देश्य से यह व्यास पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। प्राचार्य करुणा ने कहा कि गुरु ही वह सेतु है जो शिष्य को उसकी क्षमता और सफलता के बीच जोड़ती है। व्यास पूजा भारतीय संस्कृति का वह उत्सव है जो हमंष आत्मिक मूल्य और नैतिक विचारों की ओर लौटने का अवसर देता है।

मुख्य वक्ता उमेश भारती गोस्वामी ने भारतीय ज्ञान परंपरा, महाभारत-रामायण के चरित्रों के संघर्ष, गुरु-शिष्य संबंध एवं विद्यार्थी जीवन में एकाग्रता जैसे विषयों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। उन्होंने महर्षि वेदव्यास की जीवनगाथा पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक समय में गुरु परंपरा की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। और कहा कि गुरु वह दीप है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन को दिशा देता है। उन्होंने आह्वान किया कि विद्यार्थियों को सदैव अपने जीवन में गुरु के बताए मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। आतिथ्य उद्बोधन में डॉ रीता पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जो पूर्वज हमारे लिए संस्कार बनाए है उसी संस्कार को आगे हम जीवित रखे इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम पूरे छग में यह कार्यक्रम मनाया जा रहा है। रामायण काल से महाभारत काल आया जिसमें कहा कि सभी प्राणियों में ब्रम्ह आत्मा है, जिसे अद्वैतवाद कहा गया।

कार्यक्रम में महासमुंद ब्लॉक के 5 इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक सम्मिलित रहे। जिसमें राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. सरस्वती वर्मा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी महाविद्यालय, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज, महाविद्यालय से सरस्वती सेठ, दिलीप कुमार बढ़ाई, मनीषा प्रधान, डॉ जीवन लाल चंद्राकर, डॉ गरिमा दीवान, मृणाली चंद्राकर, विजय मिर्चे, रेणुका साहू, स्वयंसेवक मनोज देवांगन, पोषण साहू, जनक, विजय, मनहरण ध्रुव, गोरेलाल, कामता, देवयानी बंजारे सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशमणि साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई द्वारा किया गया।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिविर का आयोजन

### 30 से अधिक कर्मचारियों ने दी सोलर पैनल लगाने की सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार एवं लाभान्वयन के लिए 06 अगस्त को विद्युत वितरण विभाग द्वारा बीटीआई रोड स्थित विद्युत कंपनी परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के महासमुंद ग्रामीण वितरण केंद्र परिसर में हुआ।

शिविर में अधीक्षण अभियंता (वृत्त) वायके मनहर एवं कार्यपालन अभियंता (सं/स) पीआर वर्मा द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अपने मकानों की छतों पर रूफटॉप सोलर पैनल अनिवार्य रूप से



लगाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने इस महत्वाकांक्षी योजना के लाभ, पर्यावरणीय महत्व तथा दीर्घकालिक बचत की जानकारी भी साझा की।

शिविर के दौरान लगभग 30 अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपने घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने हेतु सहमति दी, जिससे स्पष्ट होता है कि यह योजना विभागीय कर्मचारियों के बीच भी उत्साहपूर्वक अपनाई जा रही है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एलके राठौर, मुक्तेश्वरी साहू, एसके लांझी, वीके टंडन, नरेंद्र साहू, एमएल सिन्हा, सुरेश साहू, एके ध्रुव, के एल निर्मलकर, वर्धमान आनंद उइके, अमर सिंह कंवर, गौतम राज, अनिल कश्यप, प्रखर कुमार चंद्रवंशी, भूपेंद्र कुमार साहू, प्रभात वास्तव, राजेश देवांगन, डोमार चंद्राकर, अश्वनी तिवारी, कमलेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार तावेरकर, सुमित्रा जटवार, शैलेन्द्र भुवाल, राधा चंद्राकर, झमित उइके, विकास गिरी गोस्वामी, अमित चंद्राकर, रेणुका वर्मा, गिरजा साहू, सूरज वर्मा, भुनेश्वर पटेल, धनेश साहू, डिगेश पटेल, रेखूराम साहू सहित कुल 100 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हाफ बिजली बिल योजना से उपभोक्ताओं को मिलेगा पहले से बेहतर लाभ

**सरायपाली**। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हाफ बिजली बिल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली 400 यूनिट की मासिक छूट की सीमा में युक्तियुक्त संशोधन करते हुए अब 100 यूनिट तक के मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत देने का निर्णय लिया गया है। पुनरीक्षित हाफ बिजली बिल योजना के तहत सरायपाली संभाग के अंतर्गत सभी वितरण केंद्रों के लगभग 61654 जरूरतमंद सामान्य एवं कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पूर्ववत मिलता रहेगा। इनमें 22148 बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवार भी शामिल हैं, जिन्हें पूर्ववत 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी। विद्युत विभाग से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से लागू कर रही है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं की रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि सरायपाली विद्युत संभाग के 106 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे है, बल्कि बिजली के भारी-भरकम बिलों से भी राहत पा रहे हैं। वर्तमान में मार्केट में भी विभिन्न कंपनियों के डीसीआर सोलर पैनल उपलब्ध हैं। जिनके 03 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 1.8 से 2.10 लाख तक है। इस प्रकार उपभोक्ता के 03 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर 108000 रुपये की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय (मचेवा) में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन एवं संस्थागत चरणबध्द तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में नव-प्रवेशित छात्राओं एवं महाविद्यालयीन अधिकारियों, अतिथि व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों, प्रावधानों एवं कोर्स कैरिकुलम से अवगत कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबीकुमार के मार्गदर्शन एवं नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा कुशल निर्देशन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य स्त्रोत वक्ता एवं अतिथि के रूप में शासकीय



महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जिला मास्टर ट्रेनर एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक मुख्य स्त्रोत वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉशीलभद्र कुमार ने सभी नवप्रवेशित छात्राओं एवं स्टॉफ को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्षित उद्देश्यों के अनुरूप जीवन में श्रेष्ठतम उंचाइयों को हासिल करने की प्रेरणा प्रदान की गई। मुख्य स्त्रोत वक्ता जिला मास्टर ट्रेनर एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन एवं संस्थागत चरणबद्ध तैयारियों के परिप्रेक्ष्य विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्नातक स्तर में विभिन्न संकाय के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में नव-प्रवेशित छात्राओं व्दारा कौन से विषय को कोर विषय, किस विषय को इलेक्टिव एवं जेनेरिक इलेक्टिव तथा कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के रूप में चयन किया जा सकता है पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में 3/4 वर्षीय बहुसंकायी स्नातक पाठ्यक्रम, च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, सेमेस्टर पाठ्यक्रम अवधि में बहु-प्रवेश एवं बहु-निकास प्रावधान, नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के आंतरिक एवं सत्रीय मूल्यांकन पद्धति पर विस्तार से उपस्थित छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नोडल अधिकारी एवं संयोजक डॉ मनोज कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में उच्चशिक्षा में अध्ययनरत युवा वर्ग के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नोडल अधिकारी एवं संयोजक डॉ मनोज कुमार शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन सूक्ष्म जीवविज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ स्वेतलाना नागल ने किया।




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली विखं बसना में
एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम एवं सिंदूर पार्क
के लोकार्पण में दुर्गापाली के माटी पुत्र रायपुर उत्तर विधायक
मान. पुरंदर मिश्रा जी
के पैतृक ग्राम दुर्गापाली में पधार रहे प्रदेश के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णु देव साय जी
एवं समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत..वंदन..
अभिनंदन
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मान. देवसिंह निषाद जी
अध्यक्ष, नगर पंचायत पिथौरा
मान. पुरन्दर मिश्रा जी
विधायक, उत्तर रायपुर
वीरेंद्र तिवारी
उपाध्यक्ष, न.पं. पिथौरा
मन्नू ठाकुर
पार्षद, न.पं. पिथौरा
संदीप सेन
पार्षद, न.पं. पिथौरा
भीम रौतिया
पार्षद, न.पं. पिथौरा
संतोष डड़सेना
पार्षद, न.पं. पिथौरा
श्रीमती रामकुंवर सिन्हा
पार्षद, न.पं. पिथौरा
कौशल दास मानिकपुरी
पार्षद, न.पं. पिथौरा
पुष्पकांत पटेल
पार्षद, न.पं. पिथौरा
एक पेड़ माँ के नाम
आलोक त्रिपाठी
टिकेंद्र प्रधान
राजा शुक्ला
सत्यनारायण पटेल
सरपंच, लक्ष्मीपुर
विनीत : राजा शुक्ला, सत्यनारायण पटेल सरपंच-लक्ष्मीपुर

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में 15 अगस्त की तैयारी

**महासमुंद।** सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शहीद स्मारक में जा रही है। इस दिन शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी और देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहीद स्मारक में साफ सफाई की जा रही है।



### सावन माह में गांवों में हुए विविध आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम मोहंदा एवं अरंड में सावन मास पर विविध कार्यक्रम हुए। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में पूरा अंचल डूबा रहा। भक्तगण कांवर यात्रा निकाली। प्रत्येक सोमवार को विशेष पूजा अर्चना की गई। ग्राम अरंड में नियमिति रामचरित मानस का पाठ का आयोजन किया गया। वहीं भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की गई। एक माह तक शिव भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। बाद बाजे गाजे के सरथ शिव प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान कामता प्रसाद यादव, अमरजीत, अजय, छविराम, रुपेश, खिलेश राम, विष्णु, लच्छन, टिकेंद्र, सुनील, सुलोचना, ओम लता, मनीष आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र में मनाया गया इतवारी त्योहार

**नर्रा।** क्षेत्र में एक भादो माह लगते ही रविवार को दूसरा इतवारी त्योहार किसानों ने मनाया। इस दिन खेती कार्य बंद रख कर इसे भगवान त्योहार के रूप मनाया जाता है। इस दिन किसान सुबह नहा धोकर धूप अगरबत्ती व चावल आटे से बने चीला लेकर खेत की ओर जाते है और अन्न माता की पूजा अर्चन कर अच्छी फसल की कामना करते है।

### कांपा में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह

**महासमुंद।** ग्राम कांपा में विश्व स्तन पान सप्ताह मनाया गया। स्तनपान सप्ताह के दौरान सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। सुपोषण चौपाल के अंतर्गत तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। किरण निर्मलकर, प्रभा निर्मलकर, माया साहू की गोदभराई की गई। स्तनपान के बारे में बताया कि मां की पहले दूध में कोलेस्ट्रम पाया जाता है।

**आयोजन:** कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान, अतिथियों ने समाज का किया बखान

# बागबाहरा में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव, हजारों की संख्या में जुटे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सर्व आदिवासी समाज एवं शासकीय अनुसूचित जनजाति अधिकारी कर्मचारी सेवक विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में एवं जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर व कार्यकारी जिलाध्यक्ष थानसिंह दीवान के शीर्ष नेतृत्व में 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव बागबाहरा मंडी प्रांगण में बड़े ही धूमधाम एवं सौहार्द्रपूर्ण मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत आयोजन में सम्मिलित होने पहुंचे समाज के भूमका (पुजारी) जनों द्वारा समस्त पेन शक्तियों की विधिवत पूजा अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात युवा प्रभाग की टीम के साथ बाइक रैली निकालकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। आयोजन की भव्यता और सफलता के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित होने जिलेभर के सर्व आदिवासी समाजजनों को आह्वान किया गया था। हजारों की संख्या में जन सैलाब के साथ समाजजनों ने अपनी एकता और संगठन की मजबूती को प्रदर्शित करते हुए आयोजन समिति सहित समस्त शीर्ष सामाजिक पदाधिकारी, जिलेभर से पहुंचे समाजजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक मुख्य रैली निकालकर बागबाहरा नगर भ्रमण किया। बस्तर कोंडागांव से पहुंचे मादरी एवं ढोलकी नृत्य दल, आंगादेव पेनशक्ति और अंचल के स्थानीय कलाकारों द्वारा रैली में डीजे की धुन, धूमाल और बाजे के साथ भव्य, आकर्षक और मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने हजारों की संख्या में पहुंचे उपस्थित समाजजनों को आनंदित एवं भाव विभोर किया।

मंचीय कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीलकुमार ध्रुव एवं राजकुमार ध्रुव सचिव आदिवासी ध्रुव गोंड महासभा 52 गढ़ ने किया। आमंत्रित अतिथिगणों समाज प्रमुखों का आत्मीय स्वागत अभिनंदन एवं उद्बोधन किया। कार्यक्रम में आतिथ्य स्वीकार कर महासमुंद लोकसभा पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद ने अपनी उपस्थिति प्रदान की एवं शुभकामनाओं सहित सभा को संबोधित किया।



अनेक क्रांतिकारी और समाज सेवी पुरोधाओं ने जन्म लियाः पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि मेरा शुरू से ही आदिवासी समाज के साथ जुड़ाव और लगाव है, निरंतर आदिवासी समाज हित में मेरा प्रयास रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में अनेक क्रांतिकारी और समाज सेवी पुरोधाओं ने जन्म लिया और अनेक सामाजिक कार्य के साथ-साथ देश हित में अपना योगदान किया। कई ऐसे समाज के क्रांतिकारी महापुरुष और समाज सेवी हुए जिनके इतिहास और उनके कार्य दफन कर दिए गए हैं। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे मोहला, मानपुर थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी को संस्कृति सभ्यता और परंपरा से जुड़ने की बात कही तथा नशा व सोशल मीडिया के गलत उपयोग करने पर प्रकाश डाला एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और गैर संस्कार का त्याग करते हुए अपनी संस्कृति से जुड़ने की अपील की। वहीं उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा तरुण कुमार व्यवहार ने अपने धारा प्रवाह उद्बोधन में उपस्थित समाजजनों को संबोधित कर डॉ बाबा साहब अंबेडकर के आदर्शों को याद किया व शिक्षा को महत्व देने की बात कही और कहा कि शिक्षा शेरनी वो का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने देर शाम तक उपस्थिति प्रदान की।

### प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

सर्व आदिवासी समाज जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न मंचीय कार्यक्रमों के साथ-साथ नवोदय, एकलव्य एवं प्रयास में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में चयनित छात्र-छात्राओं एवं 10 वीं 12वीं कक्षा में प्रवीण्य सूची में नाम दर्ज करने वाले बच्चों को मंच के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों सहित,आयोजन के शीर्ष नेतृत्वकर्ता भीखम सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, थानसिंह दीवान कार्यकारी जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद एवं अध्यक्ष केंद्रीय महासभा कंवर पैंकरा समाज, कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, एसपी ध्रुव मुख्य सचिव सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद, मनराखन ठाकुर जी जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद, सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के समस्त जिला /ब्लाक/राज एवं सर्कल अध्यक्षगण/ महिला एवं युवा प्रभाग के पदाधिकारी गण, समस्त सामाजिक कार्यकर्तागण, शासकीय अधिकारी कर्मचारीगण सहित मंचीय समस्त समाज प्रमुख, अतिथिगण, महिला व युवा प्रभाग के पदाधिकारी सहित सामाजिक कार्यकर्ता गण एवं जिलेभर से आयोजन में हजारों की संख्या में सम्मिलित होने पहुंचे समाज जन उपस्थित रहे।

## कोमाखान में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**नर्रा।** अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ राज्य सुवरमार के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस कोमाखान मंडी परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विश्व आदिवासी दिवस में अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ राज्य के सामाजिकजनों ने सर्व प्रथम इष्टदेव भागवान बूढ़ादेव की पूजा अर्चना व समाज के मठियार द्वारा विधि विधान से विधिवत कराया गया। तत्पश्चात हजारों की भीड़ में सामाजिक जन सैलाब सहित नगर रैली निकाली गई। जिसमें जय बड़ादेव सेवा समिति बाघामुड़ा एवं सेवा समिति खेमड़ा के दल द्वारा आदिवासी नृत्य कर नगर रैली में प्रदर्शन किया। तत्पश्चात समजिक पदाधकारियों का स्वागत सत्कार समाज के पीली गमछा से भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के बीच-बीच में समाज के बालिकाओं द्वारा समाज पर आधारित एकल, सामूहिक, सुवा नृत्य, बस्तर आदिवासी नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम कर छटा बिखेरी और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष देव सिंग ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष मुख्यालय रानी महल पिथौरा बसंता ठाकुर रही। विशेष अति के तौर पर कोमाखान सरपंच जवां कुमार ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, पूर्व पर्यटन मंडल सदस्य अंकित बागबाहरा, सरपंच संघ अध्यक्ष एवन साहू,



जनपद सदस्य पूजा साहू, जनपद सदस्य भगवती राजकुमार ठाकुर, विराज रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन सामाजिकजनों द्वारा पीला चावल और पीला गमछा से पागा बांधकर किया गया। अतिथि उद्बोधन में रामबती ठाकुर, पुरन सोरी, ओंकार ठाकुर, ईश्वर ध्रुव, अंकित बागबाहरा, भूपेंद्र ठाकुर ने अपने विचार रखें। अध्यक्षता कर रहे राज अध्यक्ष देवसिंग ठाकुर में सामाजिक गतिविधियों पर संक्षिप्त उद्बोधन कर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि आदिवासी समाज सदैव दान करने वाले समाज है। गोंड राजा हमेशा से दान करते आ रहे। अपने उद्बोधन में कोमाखान के राजा स्व ठाकुर भानुप्रताप सिंह को याद करते हुए कहा कि वे संविधान समिति के सदस्य रहे। समाज में बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छा संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। मांग पर विधायक निधि से 40 लाख रुपए सामाजिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। तत्पश्चात अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर ने समाज में संगठित रहने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा, व्यापार करने की ओर ध्यान देने, अपने मूल अधिकार और कर्तव्य को जानने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समाज के प्रतिभावान छात्रों का सम्मन भी किया गया। कक्षा दसवीं और बारहवीं में उच्चतम अंक प्राप्त किए है, और जिनका नवोदय, एकलव्य, प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है, उन्हें प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन राशि दिया गया। कार्यक्रम में रामबती ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष पुरन सोरी, केन्द्रीय सदस्य क्रियावन समिति तुफान दीवान, भालूचुवां सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, बाघामुड़ा सर्कल अध्यक्ष अरुण ठाकुर, कारागुला सर्कल अध्यक्ष सुरेंद्र मांझी, कसेकेरा सर्कल अध्यक्ष ओंकार ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजू जगत ,नारयण ठाकुर, चैतराम ठाकुर, विकास ठाकुर चेतन ठाकुर, चुन्नी लाल ठाकुर, रुपसिंह ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, भुनेश ठाकुर, भगवानी ठाकुर, मनोज ठाकुर, यशवंत ठाकुर, बुटागु ठाकुर, रोहित ठाकुर, खेमराज ठाकुर, लबेद ठाकुर, हरिचंद ठाकुर, पंच राम ठाकुर, पूरन ठाकुर, राजू ठाकुर, रूपेश्वर ठाकुर, मोहरसिंह ठाकुर, श्याम चंद ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, मनोज ठाकुर, पूरन सोरी, नेमीचंद ठाकुर, केदार ठाकुर, जयदेव ठाकुर, महिला प्रभाग अध्यक्ष पूर्णिमा ठाकुर, संगीता ठाकुर, चमरालाल, जुगसिंग, विष्णु महानंद, राजेश सोनी, सरपंच एडिशन ठाकुर, हिरेंद्र उपाध्याय, गोलू जैन, समीर खान, वाजिद खान, शशांक श्रीवास सहित सुवरमार राज और चारों सर्कल के समस्त पदाधिकारीगण, क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, अन्य समाज प्रमुखगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन राज सचिव भारत ठाकुर एवं राज्य सहसचिव राजु राम ठाकुर ने किया।

## स्वामी आत्मानंद हिंदी स्कूल में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय आदर्श उच्चतर हिंदी माध्यमिक विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को संस्था प्रमुख की अध्यक्षता में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां सरस्वती माता के दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। सेवानिवृत हो चुके संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता रघुनाथ सिन्हा मुख्य अतिथि रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता जीएस ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश द्विवेदी, वरिष्ठ व्याख्याता प्रभा पंडा उपस्थित रहे। उक्त दिवस की महानता, आदिवासियों के प्रति चेतना को उप प्राचार्य चमन लाल चंद्राकर ने संबोधित किया। उन्होंने आदिवासियों के इतिहास को बताया और विद्यार्थियों को आदिवासियों के प्रति सुव्यवहार कर प्रेरणा स्त्रोत की बातें कही। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आदिवासी दिवस के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता प्रभा पंडा की वाणी सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही। कार्यक्रम में रंगोली, एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, भाषण जैसी प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन रहा। सभी प्रतिभागियों ने बेहद कम समय में उम्दा प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि रघुनाथ सिन्हा ने आदिवासियों की संघर्ष की कहानी को बताया और सभी विद्यार्थियों को संघर्ष के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम में व्याख्याता भोजेश्वरी ठाकुर, व्याख्याता प्रियंका ध्रुव एवं व्याख्याता तृप्ति ध्रुव का सहयोग रहा। संचालन व्याख्याता हेमंत डडसेना ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एमडी वर्मा, मुरलीधर पटेल, हेमंत डडसेना, जेपी साहू, एलआर साहू, भोजेश्वरी ठाकुर, गरिमा भारद्वाज, त्रिवेणी साहू, अंजनी साहू, हिना कुरैशी, प्रियंका ध्रुव, श्वेता चंद्राकर, तृप्ति ध्रुव, डॉ. दुर्गा डडसेना, सुलक्षना तिवारी, नरेंद्र सिंह, बसंत साहू आदि मौजूद रहे।

## सर्व हिंदू समाज ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस

**महासमुंद।** मूल निवासी दिवस (विश्व आदिवासी दिवस) के अवसर पर सर्व हिंदू समाज द्वारा कलेक्टर रोड में वीरांगना रानी दुर्गावती के मूर्ति पर पुष्प माल्यार्पण कर देश की प्रगति पर आदिवासियों द्वारा किए गए योगदान को याद किया गया एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद्रबदन मिश्रा, भरत साहू, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकर, जिलाध्यक्ष शा. संघ सेवक एमएल ध्रुव, भूषण लाल ध्रुव, संतोष ध्रुव, श्रीकांत नासरे, नितीश श्रीवास्तव, राजेश डड़सेना, गुलाब सेन, भरत चंद्राकर, सुरेंद्र महाराज आदि उपस्थित रहे।



# भाई-बहन के विश्वास, प्रेम व सुरक्षा का प्रतीक रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

भंवरपुर सेजेस स्कूल के प्राचार्य टीके पटेल की प्रेरणा से अनेकानेक क्रियाकलापों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर द्वारा अपनी सृजनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला के तहत विद्यार्थियों में आपसी सम्मान, सुरक्षा व सकारात्मक वातावरण के निर्माण के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में रक्षाबंधन महापर्व का आयोजन किया गया।

### उत्कृष्ट विद्यालय में उत्कृष्ट आयोजन

सत्र 2025-26 के शुरुआत से ही पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के साथ ही साथ पाठ्येतर गतिविधियों के सम्यक आयोजन से सेजेस भंवरपुर ने उत्कृष्टता का एक नया मापदंड स्थापित किया है। रक्षाबंधन का उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजन होना तथा बालिकाओं द्वारा बालकों को राखी पहनाया जाना विद्यालयी वातावरण को छात्र-छात्राओं के लिए सकारात्मक बनाना है, ताकि उनमें आपसी विश्वास और सुरक्षा की भावना का समुचित विकास हो सके तथा भारतीय सभ्यता व



संस्कृति से अध्येताओं को जोड़ा जा सके।

### श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण ही शिक्षा का मूल उद्देश्य

शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं होता है, अपितु अध्येताओं में भारतीय सभ्यता व संस्कृति के अनुरूप नैतिक पक्षों का विकास करके श्रेष्ठ नागरिक बनाना होता है। जिससे विद्यार्थियों में बौद्धिक व तार्किक विकास के साथ समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी विकसित हो सके।

### सैनिकों के लिए पहले चरण में राखी निर्माण

राष्ट्र प्रथम के उद्देश्यों की परिपूर्ति हेतु उत्कृष्ट विद्यालय द्वारा सर्वप्रथम देश की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले सेना के वीर जवानों के लिए छात्राओं द्वारा राखी का निर्माण किया गया। यह गतिविधि भारतीय सेना के प्रति छात्र-छात्राओं में सम्मान तथा देश के प्रति निष्ठा तथा देश भक्ति की भावना में वृद्धि के लिए आयोजित किया गया।

### विद्यालय में अन्य श्रेष्ठ गतिविधियां

उत्कृष्ट विद्यालय भंवरपुर निःसंदेह विद्यार्थियों के सर्वांगीण व बहुमुखी व्यक्तित्व के विकास के लिए प्रतिबद्ध विद्यालय है। इन्हीं उद्देश्यों की परिपूर्ति के लिए विद्यालय में ईको क्लब के माध्यम से लगभग 200 पौधों का रोपण भंवरपुर के अनेक शासकीय व गैर शासकीय संस्थानों में किया गया है। अटल टिंकरिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक व क्रियात्मक अनुसंधानों का अवसर दिया जा रहा है। साहित्यिक, सांस्कृतिक, नैतिक, अनुशासनात्मक, व्यावहारिक, सामाजिक, पर्यावरणीय, स्वच्छता व क्रीड़ा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अवसर दिया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राखी निर्माण गतिविधि के आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य टीके पटेल के नेतृत्व में शिक्षक एनके दीवान, पीके निर्मलकर, ए भोई, एसएल चौहान, डीके बंधु, एव्ही कदम, डीके दास, आर देवांगन, पीके बारीक, एचआर चौहान, एसके भोई, एल पटेल, एमएल पटेल, एचएस पटेल व डीपी पटेल का विशेष योगदान रहा।



## घोयनाबाहरा में हुआ भोजली विसर्जन, निकानी गई शोभायात्रा

**नर्रा।** ग्राम घोयनाबाहरा के पूर्व सरपंच चमारिन बाई नागेश के घर लगभग 45 वर्षो से लगातार भोजली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज पुजारी झरियार सिंह दीवान, राज बैगा सुंदर सिंह ठाकुर, बैगा रेखराज ठाकुर, मोहन ठाकुर आदि ने बताया कि यह महोत्सव सावन माह के शुक्ल पक्ष को भोजली महोत्सव की जग रचा गया है। उन्होंने बताया कि नौ दिनों तक भोजली माता की जसगीत सेवा भजन आरती की गई और छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोए रखने के लिए प्रति वर्ष भोजली महोत्सव का आयोजन करते आ रहे है। जसगीत सेवा मंडली द्वारा मांदर झांझ मंजिरा के थाप पर जस गीत गाते हुए महिलाएं सर पर टोकरी लेकर भोजली विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। जो ग्राम भ्रमण करते हुए थाना पारा तालाब में विसर्जन किया गया। जिसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान समिति प्रमुख नीलकंठ दीवान, हीरालाल साहू, धनीराम यादव, कार्तिक ठाकुर, रामबिलास साहू, बसदेव यादव, सुकसिंग ठाकुर, लाला राम साहू, जहर सिंह दीवान, रामा ठाकुर, कुर्सी साहू, दीना ठाकुर, गिरवरी ठाकुर, सावित्री दीवान, डिगेश्वरी दीवान, रिंकी ठाकुर, परेरा ठाकुर, कुंती यादव, धानी, राखी, रेशमा, कामनी, लिशा, अंजली, रेशमा शामिल रहे।




